US – 124

2

# II Semester B.Com. Examination, May 2017
## (CBCS) (Repeaters) (2014-2015 and Onwards) (Semester Scheme)
## HINDI LANGUAGE – II
## Poetry, Vanijya Patra and Translation of Terminology

Time : 3 Hours Max. Marks : 70

ST. CLARET COLLEGE LIBRARY

I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक शब्द या वाक्य** में लिखिए : **(10×1=10)**

1) हनुमान को किसके वचन बहुत अच्छे लगते हैं ?

2) समुद्र के किनारे हनुमान जी ने क्या देखा ?

3) रहीम ने नीच मनुष्यों की तुलना किससे की है ?

4) ''शिल्पी' कविता में क्षुद्र लेखनी से कवि क्या सृजन करता है ?

5) ''बीन भी हूँ मैं तुम्हारी रागिनी भी'' कविता के रचनाकार का नाम लिखिए।

6) ''परशुराम का सन्देश'' कविता में कवि ने कहाँ से पियूष निकालने के लिए कहा है ?

7) रहीम के अनुसार बावरी जीभ की सज़ा किसे मिलती है ?

8) आग से कौनसे बिन्दु ढुलकते हैं ?

9) दस मंजिल पर चढ़कर कवि ने किसे जलता देखा ?

10) दोष हटाकर जग रचने का दृढ़ निश्चय कौन करता है ?

II. सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए :

अ) जात पवनसुत देवन्ह देखा। **(1×6=6)**

जानैं कहुँ बल बुद्धि बिसेसा ।।

सुरसा नाम अहिन्ह कै माता।

पठइन्हि आई कहीं तेहिं बाता ।।

**अथवा**

यद्यपि अवनि अनेक हैं, तोयवंत सर ताल।

रहिमन मानसरोवरहि, मनसा करत मराल ।।

P.T.O.

आ) जब ज्ञान जगा, अज्ञान जगा, (1×6=6)

पशु जागा, जब मानव जागा,

जब न्याय जगा, अन्याय जगा,

जब देव जगा, दानव जागा ।

**अथवा**

जीवन रजनी का अमल इन्दु

न मिला स्वाती का एक बिन्दु,

जो हृदय सीप में मोती बन,

पूरा कर देता लक्ष हार ।

III. किसी **एक** कविता का सारांश लिखकर उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए : **(1×12=12)**

1) परशुराम का सन्देश ।

2) सृष्टा भी यह कहता होगा ।

IV. किसी **एक** पर टिप्पणी लिखिए : **(1×6=6)**

1) लंका नगरी की सुन्दरता ।

2) गौतमी गीता ।

V. पत्र लिखिए (कोई **दो**) : **(2×10=20)**

1) खराब पैकिंग के कारण लगभग पाँच हज़ार रुपयों की क्षति हुई है । शिकायत करते हुए क्षतिपूर्ति का अनुरोध करते हुए, वाणी प्रकाशन, आगरा को पत्र लिखिए ।

2) "फिलिप्स इण्डिया कम्पनि" नई दिल्ली, बेंगलूरु में ऐजेन्सी देना चाहती है । उक्त एजेंसी लेने के लिए पत्र लिखिए ।

3) आपकी संस्था के चैक का भुगतान नहीं हुआ है । इस सम्बंध में स्पष्टीकरण मांगते हुए, शाखा प्रबंधक, स्टेट बैंक ऑफ मैसूर, गांधीनगर बेंगलूरु को एक पत्र लिखिए ।

VI. हिन्दी में अनुवाद कीजिए : (1×10=10)

1) Absolute
2) Badge
3) Clause
4) Ethics
5) Fair copy
6) Guilt
7) Head note
8) Isolate
9) Key point
10) Optional.